# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

### नवम्बर-दिसम्बर, 2007 सत्र

### शुक्रवार, दिनांक 30 नवम्बर, 2007

## तारांकित प्रश्नोत्तर

पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र को स्वीकृत सड़कों एवं पुल पुलियों का निर्माण

1. (*क्र. 380) **महन्त रामसुन्दर दास :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में किन-किन सड़कों एवं पुल पुलियों के निर्माण हेतु कितनी-कितनी राशि की स्वीकृति दी गयी थी ? (ख) उक्त अवधि में स्वीकृत सड़कों एवं पुल पुलियों में कौन-कौन से कार्य पूर्ण हो चुके हैं एवं कौन-कौन से कार्य अपूर्ण हैं ? कौन-कौन से कार्य स्वीकृति हेतु लंबित हैं ? (ग) लंबित स्वीकृत कार्यों को कब तक प्रारंभ कर दिया जायेगा ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत ) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''अ'' पर है. (ख) पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''अ'' कालम नम्बर 4 अनुसार अद्यतन स्थिति है. जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''ब'' पर है. (ग) निश्चित तिथि बताना संभव नहीं है.

अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों के उत्पीड़न के दर्ज प्रकरण

2. (*क्र. 417) **श्री निर्मल सिन्हा :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) अनुसूचित जाति एवं जनजाति के उत्पीड़न एवं हत्या के कितने मामले प्रदेश में वर्ष 2006-07 में दर्ज किए गए ? (ख) प्रदेश के कितने जिले में अनुसूचित जाति, जनजाति थाना कार्यरत हैं ?

**गृह मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम ) : (क) प्रदेश में वर्ष 2006-07 में अनुसूचित जाति के उत्पीड़न एवं हत्या के 390 एवं अनुसूचित जनजाति के 317 मामले दर्ज किये गये हैं. विस्तृत जानकारी † संलग्न प्रपत्र ''अ'' एवं ''ब'' में है. (ख) प्रदेश में 09 जिले रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर, रायगढ़, सरगुजा, जगदलपुर, दन्तेवाड़ा एवं सूरजपुर में अनुसूचित जाति/जनजाति थाना कार्यरत है.

बजट में सम्मिलित मार्गों हेतु स्वीकृत एवं लंबित प्रशासकीय स्वीकृति

3. (*क्र. 78) **श्री बोधराम कंवर :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2006-07 तथा 2007-08 के बजट में लोक निर्माण विभाग द्वारा कोरबा जिले के किन-किन मार्गों के निर्माण हेतु राशि का प्रावधान कर बजट में सम्मिलित किया गया था ? प्रत्येक की लागत एवं प्रावधानित राशि का विवरण, विकासखंडवार जानकारी दें ? (ख) उक्त में से किन-किन सड़कों के निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है ? कितने लंबित है और लंबित रहने के क्या कारण हैं ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत ) : (क) एवं (ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अ-1 एवं अ-2 पर है.

राज्य शासन द्वारा उद्योग स्थापना हेतु संपादित एम.ओ.यू.

4. (*क्र. 614) **श्री धर्मजीत सिंह :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सत्य है कि कोलकाता की एस. के. सरावगी प्राइवेट लिमिटेड एवं बिलासपुर की मंगल स्पंज एवं स्टील प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से राज्य शासन छ. ग. द्वारा

---

† परिशिष्ट ''एक''

उद्योग स्थापित करने हेतु एम.ओ.यू. किया गया है ? यदि हां, तो किस उद्योग की स्थापना हेतु कितनी क्षमता की, कितनी लागत की एवं किस स्थान की शासकीय भूमि पर उद्योग लगाये जाने हेतु एम.ओ.यू. किये गये हैं ? एम.ओ.यू. की तिथि सहित विवरण दें ? (ख) प्रश्न (क) में किये गये एम.ओ.यू. में स्थापित होने वाले उद्योगों को कितने एकड़ भूमि की आवश्यकता है या उनके द्वारा अनुमानित कितनी भूमि की मांग की गई है ? (ग) प्रश्न (क) में किये गये एम.ओ.यू. में संबंधित उद्योगों को पानी की कितनी आवश्यकता है एवं इस आवश्यकता की पूर्ति कहां से की जायेगी विवरण दें ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) जी हां. जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर दर्शित है. एम.ओ.यू. में शासकीय भूमि का उल्लेख नहीं है. (ख) मेसर्स एस. के. सरावगी एंड कंपनी प्रा. लि. द्वारा प्रस्तावित संयंत्र हेतु भूमि की अनुमानित आवश्यकता 100 एकड़ तथा मेसर्स मंगल स्पांज एंड स्टील प्रा. लि. द्वारा 136 एकड़ दर्शायी गई है. उपरोक्त निवेशकों ने भूमि आवंटन के संबंध में आवेदन प्रस्तुत नहीं किया है. (ग) मेसर्स एस. के. सरावगी एंड कंपनी प्रा. लि. द्वारा 15,69,240 क्यू. मी. प्रतिवर्ष पानी की आवश्यकता दर्शायी है तथा इसकी पूर्ति सीएसआईडीसी से प्रस्तावित की है. मेसर्स मंगल स्पांज एंड स्टील प्रा. लि. द्वारा प्रस्तावित संयंत्र हेतु 5000 क्यू. मी. प्रतिदिन पानी की आवश्यकता तथा इसकी पूर्ति मनियारी नदी एवं बोरवेल द्वारा प्रस्तावित की है. उपरोक्त निवेशकों ने पानी के आवंटन के संबंध में आवेदन प्रस्तुत नहीं किया है.

### रिश्वत देने के आरोप में दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही

5. (*क्र. 401) **श्री भूपेश बघेल** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) माह अगस्त, 2007 में दुर्ग के सांसद को रिश्वत देने के आरोप में किन-किन व्यक्तियों के विरुद्ध अपराध दर्ज किया गया है एवं किन-किन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है ? (ख) रिश्वत देने जाते समय रिश्वत देने वाले व्यक्तियों के साथ उनके सहयोगी कौन-कौन लोग थे ? उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) अगस्त 2007 को माननीय सांसद को रिश्वत देने के आरोप में श्री पवन कुमार लखोटिया (महेश्वरी) के विरुद्ध अपराध क्रमांक 12/07 धारा 12 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया. उक्त अपराध में दिनांक 3-8-2007 को श्री पवन कुमार लाखोटिया (महेश्वरी) पिता श्री रामेश्वर लाखोटिया को गिरफ्तार कर विशेष न्यायालय भ्रष्टाचार निवारण दुर्ग के न्यायालय में दिनांक 4-8-2007 को पेश कर एवं रिमांड लिया गया. अपराध की विवेचना में उपसेनानी सीआईएसएफ भिलाई श्री अभयकुमार गुप्ता पिता श्री मदन मोहन गुप्ता के विरुद्ध अपराध पाये जाने पर दिनांक 3-10-2007 को गिरफ्तार कर विशेष न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) दुर्ग के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड लिया गया. (ख) रिश्वत देने जाते समय, रिश्वत देने वाले व्यक्ति श्री पवन कुमार लाखोटिया के सहयोगी के रूप में अब तक की विवेचना में साक्ष्य के आधार पर कोई नहीं आया, अतः सहयोगी के रूप में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है.

### डी. पी. आर. योजना के तहत सड़कों का निर्माण

6. (*क्र. 322) **श्री उदय मुदलियार** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजनांदगांव जिले में डी. पी. आर. योजना के अंतर्गत कौन-कौन सी सड़कों का कितने-कितने लागत से कितनी-कितनी किलोमीटर का निर्माण किया जा रहा है? (ख) डी.पी.आर. योजना के अंतर्गत इन सड़कों का सर्वे करा कर रिपोर्ट तैयार करने हेतु कुल कितनी राशि का भुगतान किया गया ? (ग) डी. पी. आर. योजना की सड़कों के कार्य हेतु प्लांट एवं टेस्टिंग लेब कहां-कहां लगाये गये हैं ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत) : (क) से (ग) जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट में है.

### प्रदेश में विभिन्न अपराधों के दर्ज प्रकरण

7. (*क्र. 598) **श्री धनेन्द्र साहू** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में हत्या, बलात्कार, डकैती, लूट, चोरी आदि की कितनी-कितनी घटनाएं हुई ? कृपया जिलेवार जानकारी देवें ?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : प्रदेश में वर्ष 2006-07 में हत्या-1058, बलात्कार-987, डकैती-114, लूट-419 एवं चोरी में 5327 घटना एवं वर्ष 2007-08 में हत्या-654, बलात्कार-562, डकैती-61, लूट-268 एवं चोरी-3072 घटनाएं घटित हुई है. जिलेवार जानकारी क्रमशः ‡ संलग्न प्रपत्र "अ" एवं ‡ संलग्न प्रपत्र "ब" में है.

† परिशिष्ट "दो"    †† परिशिष्ट "तीन"    ‡ परिशिष्ट "चार"

छ. ग. राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के राशि का अन्य बैंक में हस्तांतरण

8. ( *क्र. 628) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या छ. ग. राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक की राशि, इंदिरा प्रियदर्शिनी महिला सहकारी बैंक रायपुर में जमा कराई गई ? यदि हां, तो कब और कितना ? (ख) कंडिका ''क'' की राशि किनके आदेश पर और क्यों जमा करायी गई ?

**गृह मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम ) : (क) जी हां, छ. ग. राज्य सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के द्वारा इंदिरा प्रियदर्शिनी महिला नागरिक सहकारी बैंक रायपुर में दिनांक 28-7-2006 को राशि रु. 6,73,52,800.00 जमा कराई गई. (ख) कंडिका ''क'' की राशि संचालक मण्डल द्वारा प्रबंध संचालक को प्रदत्त अधिकार के अंतर्गत प्रबंध संचालक की स्वीकृति तथा अन्य बैंकों की तुलना में अधिक ब्याज दर होने से लाभप्रदता की दृष्टि से जमा कराई गई.

रायपुर से भोरमदेव मार्ग निर्माण संबंधी

9. ( *क्र. 508) **श्री रविन्द्र चौबे :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर भोरमदेव मार्ग निर्माण की स्वीकृति कब तथा कितनी राशि की हुई थी ? (ख) क्या उक्त कार्य पूर्ण हो गया है ? यदि हां, तो कब हुआ ? उक्त कार्य में कुल कितनी लागत आई है ? (ग) क्या उक्त कार्य के निर्माण के दौरान अथवा पूर्ण होने के बाद कार्य की गुणवत्ता के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त हुई है ? (घ) क्या यह सही है कि ग्राम बीजा से करमू तक उक्त सड़क निर्माण कार्य निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप नहीं होने से सड़क खराब हो गयी है?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत ) : (क) दिनांक 20-2-2004 को, रुपये 1008.00 लाख. (ख) जी नहीं. शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता. (ग) जी हां. (घ) जी नहीं.

ठेकेदारों से वसूली योग्य राशि में छूट

10. ( *क्र. 264) **श्री नोवेल कुमार वर्मा :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधान सभा अतारांकित प्रश्न क्रमांक-53 दिनांक 12 जुलाई, 2007 में दी गयी जानकारी अनुसार मूल इनवाइसेस प्रस्तुत नहीं करने वाले एवं गैर निर्धारित डामर के उपयोग करने वाले ठेकेदारों की वसूली योग्य राशि कितनी-कितनी है तथा 01 नवम्बर, 2007 तक किन-किन ठेकेदारों से कितनी-कितनी राशि वसूली की गई एवं कितनी-कितनी राशि शेष है ? (ख) उक्त प्रश्न के भाग ''घ'' में दी गयी जानकारी अनुसार मेसर्स अरोरा इन्फ्रास्ट्रक्चर डब्लपमेंट रायपुर को वसूली राशि में छूट किस आदेश के तहत प्रदान की गई है ? (ग) उक्त के अतिरिक्त अन्य किस-किस ठेकेदार को प्रस्तावित वसूली राशि में छूट प्रदान की गई है ? वसूली योग्य राशि, छूट की राशि कितनी-कितनी है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत ) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट अनुसार. (ख) छ. ग. शासन, लो.नि.वि. के आदेश क्रमांक 2513/2038/06/19/स्था-1, दिनांक 3-4-2006 द्वारा. (ग) कोई नहीं. प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

दंतेवाड़ा एवं बीजापुर जिले के ग्रामीणों का पलायन

11. ( *क्र. 659) **श्री लच्छूराम कश्यप :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दंतेवाड़ा एवं बीजापुर जिले के विभिन्न ग्रामों से 31 अक्टूबर, 2007 तक नक्सलियों के भय से कितने लोगों ने गांव छोड़कर पलायन किया है ? ग्रामवार एवं विकासखण्डवार जानकारी देवें ? (ख) उक्त पलायन कर्त्ताओं ने किन-किन प्रदेशों के किस-किस गांव में पलायन किया है ?

**गृह मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम ) : (क) दिनांक 31 अक्टूबर, 2007 तक नक्सली हिंसा के कारण दंतेवाड़ा जिले के 34,977 व्यक्ति एवं बीजापुर जिले के 20,113 व्यक्ति राहत शिविरों में निवास कर रहे हैं. जिला दंतेवाड़ा एवं बीजापुर के विकासखण्ड एवं ग्रामवार सूची क्रमशः पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''एक'' एवं ''दो'' में है. (ख) जिलों से प्रदेश के बाहर जाने वाले व्यक्तियों की जानकारी निरंक है.

बजट में स्वीकृत कार्यों की स्थिति

12. ( *क्र. 542) **डॉ. चेतन वर्मा :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बेमेतरा विधान सभा क्षेत्र

में लोक निर्माण विभाग अंतर्गत बजट वर्ष 2003-04, 2004-05, 2005-06 एवं 2006-07 में कितनी-कितनी राशि के किन-किन (भवन एवं सड़क) कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई ? (ख) प्रश्नांश (क) अंतर्गत किन-किन निर्माण कार्यों को कब पूरा कर लिया गया है, कौन-कौन से निर्माण, किन कारणों से अपूर्ण हैं ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत ) : (क) एवं (ख) जानकारी † संलग्न प्रपत्र ''अ'' एवं ''ब'' के अनुसार है.

निम्न श्रेणी का डामर उपयोग करने पर ठेकेदारों से वसूली

13. ( *क्र. 93) **श्री महेन्द्र कर्मा** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2004 में प्रदेश में सड़कों के निर्माण में निम्न श्रेणी का डामर उपयोग किये जाने के संबंध में दोषी पाये गये ठेकेदारों में से किन-किन ठेकेदारों से कितनी वसूली की जानी थी ? 5-11-2007 तक कितनी वसूली की जा चुकी है ? किन-किन ठेकेदारों से कितनी वसूली किया जाना बाकी है ? (ख) डामर घोटाले में दोषी कौन-कौन से ठेकेदारों को पुनः काम दिया गया है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत ) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''अ'' अनुसार है. (ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''ब'' अनुसार है.

कसडोल से सिरपुर मार्ग का निर्माण/डामरीकरण

14. ( *क्र. 618) **श्री राजकमल सिंघानिया** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कसडोल से सिरपुर तक की सड़क का पुनः निर्माण व डामरीकरण कार्य किस सन् में स्वीकृत हुआ है एवं कार्य कब पूर्ण हुआ है ? (ख) इस सड़क पर कितने नाले हैं ? क्या उन नालों पर पुल बन गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? (ग) प्रश्नकर्ता द्वारा मुख्य अभियंता सेतु निगम, लोक निर्माण विभाग, रायपुर (छ. ग.) को लिखे पत्र क्रमांक 7114 दिनांक 4-10-2007 पर क्या कार्यवाही की गई है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत ) : (क) वर्ष 2002-03 में स्वीकृत. वर्ष 2006 में पूर्ण. (ख) कुल नदी/नाले-134. दो नालों पर पुल प्रगति पर है. 7 नालों पर पुल नहीं बने हैं चूंकि बजट में शामिल नहीं है. शेष 125 पर पुल/पुलिया पूर्ण. (ग) शेष कार्यों को बजट में सम्मिलित करने हेतु प्रस्ताव बनायें जा रहे हैं.

प्रदेश के मजदूरों को अन्य प्रांतों में बंधक बनाए जाने विषयक

15. ( *क्र. 487) **डॉ. शक्राजीत नायक** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) एक अप्रैल, 04 से 31 अक्टूबर, 07 तक छ.ग. के मजदूरों को अन्य प्रांतों में बंधक बनाकर रखे जाने की कितनी सूचनायें कब-कब शासन को या पुलिस को प्राप्त हुई है ? (ख) उक्त अवधि में प्राप्त सूचना में से कितने में पुलिस द्वारा कार्यवाही कर मजदूरों को मुक्त कराया. शेष के लिये क्या-क्या प्रयास किये गये ? (ग) मुक्त हुये मजदूरों को शासन द्वारा क्या-क्या सुविधायें प्रदान की गई ?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम ) : (क) दिनांक 1 अप्रैल, 2004 से 31 अक्टूबर, 2007 की अवधि में छत्तीसगढ़ के मजदूरों को अन्य प्रांतों में बंधक बनाकर रखे जाने की कुल 229 सूचनाएं प्राप्त हुई हैं. जिसका विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-''अ'' पर है. (ख) उक्त अवधि में कुल 229 सूचनाओं पर कार्यवाही करते हुए कुल 2576 मजदूरों को मुक्त कराया गया है. शेष 489 मजदूरों के मुक्त कराए जाने हेतु पुलिस अधीक्षकों द्वारा संबंधित राज्यों के जिलाध्यक्षों एवं पुलिस अधीक्षकों को पत्र प्रेषित किये गये हैं. विस्तृत विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-''ब'' पर है. (ग) मुक्त हुए मजदूरों को जिला प्रशासन द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की गई है तथा विभिन्न रोजगार मूलक कार्यों में रोजगार उपलब्ध कराया गया है. विस्तृत विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-''स'' पर है.

थाना सरसींवा एवं पुलिस चौकी भटगांव में रिक्त पदों की पूर्ति

16. ( *क्र. 291) **डॉ. हरिदास भारद्वाज** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले के थाना सरसींवा

† परिशिष्ट ''पांच''

अंतर्गत कितने ग्राम आते हैं ? उक्त थाने में 31 अक्टूबर, 2007 की स्थिति में स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों की जानकारी पदवार देंवें ? (ख) थाना बिलाईगढ़ अंतर्गत पुलिस चौकी भटगांव में कितने ग्राम आते हैं ? उक्त चौकी में स्वीकृत, कार्यरत, रिक्त पदों की जानकारी पदवार 31 अक्टूबर, 2007 की स्थिति में बताएं ?

**गृह मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम ) : (क) रायपुर जिले के थाना सरसींवा के अंतर्गत 94 ग्राम हैं, 31 अक्टूबर, 2007 की स्थिति में थाना सरसींवा में स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों की जानकारी निम्नानुसार है :—

| क्र. | थाने का नाम | पद | स्वीकृत पद | कार्यरत पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | सरसींवा | उप निरीक्षक | 01 | 01 | - |
| | | सउनि. | 01 | 01 | - |
| | | प्रधान आरक्षक | 03 | 03 | - |
| | | आरक्षक | 08 | 08 | - |

(ख) जिला रायपुर के थाना बिलाईगढ़ अंतर्गत पुलिस थाना चौकी भटगांव में 42 ग्राम हैं, 31 अक्टूबर, 2007 की स्थिति में चौकी भटगांव में स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों की जानकारी निम्नानुसार है :—

| क्र. | थाने का नाम | पद | स्वीकृत पद | कार्यरत पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | चौकी भटगांव | उप निरीक्षक | 01 | - | 01 |
| | | सउनि. | 02 | 01 | 01 |
| | | प्रधान आरक्षक | 03 | 03 | - |
| | | आरक्षक | 12 | 05 | 07 |

## नए उद्योग स्थापना के लिए भूमि अधिग्रहण

17. ( *क्र. 638) **श्री त्रिलोचन पटेल :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला राजनांदगांव में रेडियस वाटर एवं जिला रायगढ़ में मोनेट इस्पात पावर प्लांट समूह के उद्योग समूह ने क्या उद्योग स्थापित करने के लिए कार्यवाही की ? यदि हां, तो किन उद्योगों के लिए ? (ख) कंडिका ''क'' के उद्योगों के लिए कितनी भूमि की मांग उद्योग समूहों ने की है ? क्या भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है ? यदि हां, तो कितनी भूमि अधिग्रहित की जानी है ? (ग) क्या कंडिका ''क'' के प्रस्तावित उद्योगों के लिए भूमि अधिग्रहण करने पर किसानों ने आपत्ति दर्ज करायी है, यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत ) : (क) जिला-राजनांदगांव में मेसर्स रेडियस कार्पोरेशन लिमिटेड के द्वारा एकीकृत पर्ल परियोजना (पर्ल कल्टीवेशन) एवं जिला-रायगढ़ में मे. मोनेट इस्पात लिमिटेड द्वारा एकीकृत इस्पात संयंत्र स्थापित करने हेतु कार्यवाही की जा रही है. (ख) मेसर्स रेडियस कार्पोरेशन लिमिटेड से एकीकृत पर्ल परियोजना स्थापित करने के लिये भूमि की मांग हेतु आवेदन पत्र प्राप्त नहीं हुआ है. मेसर्स मोनेट इस्पात लिमिटेड द्वारा एकीकृत स्टील प्लांट के लिये 30.201 हेक्टेयर शासकीय भूमि एवं 200.752 हेक्टेयर निजी भूमि की मांग की गई है. उपरोक्त में से 21.453 हेक्टेयर शासकीय भूमि का हस्तांतरण तथा 177.387 हेक्टेयर निजी भूमि का अधिग्रहण कर आवंटन औद्योगिक प्रयोजन हेतु आवेदक कंपनी को किया गया है. (ग) मेसर्स मोनेट इस्पात लिमिटेड के रायगढ़ जिले में एकीकृत इस्पात संयंत्र की स्थापना हेतु भूमि के अधिग्रहण की कार्यवाही पर आपत्तियां प्राप्त हुई थी. जिसके परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर रायगढ़ द्वारा प्राप्त आपत्तियों का भू-अर्जन अधिनियम-1894 की धारा 9(3) के तहत सुनवाई उपरान्त नियमानुसार निराकरण करते हुए आवार्ड आदेश पारित किया.

## विकासखंड छुरिया, जिला राजनांदगांव में पुल एवं डायवर्सन निर्माण संबंधी

18. ( *क्र. 558) **श्री रजिन्दर पाल सिंह भाटिया :** क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजनांदगांव जिले के विकासखण्ड छुरिया के माथलडबरी-बादराटोला के मध्यम करेठी नदी पर स्वीकृत पुल कितनी लागत का है ? कार्य की निविदा कब निकाली गई ? वर्तमान में कार्य की क्या स्थिति है ? (ख) क्या प्रश्नांश ''क'' का कार्य आरंभ होते ही डायवर्सन बनाने का प्रावधान कार्य में है ? यदि हां, तो डायवर्सन बनाया गया ? यदि नहीं, तो क्यों ? (ग) प्रश्नांश ''क'' का कार्य कब तक पूर्ण करा लिया जाएगा?

(घ) क्या यह भी सत्य है कि प्रश्नकर्ता ने अपने अर्द्ध-शासकीय पत्र (1) क्रमांक 1157 दिनांक 7-1-2007, (2) दिनांक 21-5-2007 के द्वारा मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सेतु परिक्षेत्र रायपुर को कार्य आरंभ/पुनर्निविदा हेतु पत्र प्रेषित किया था ? यदि हां, तो पत्र पर क्या कार्यवाही की गई ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत ) : (क) रु. 144.90 लाख, दिनांक 5-6-06 को. अनुबंधक द्वारा कार्य नहीं किये जाने के कारण अनुबंध निरस्त कर द्वितीय निविदा आमंत्रण की कार्यवाही की गई है. (ख) जी हां. द्वितीय निविदा स्वीकृत होने के उपरांत डायवर्सन मार्ग बनाया जावेगा. (ग) निश्चित तिथि बताना संभव नहीं है. (घ) जी हां. पुनः निविदा आमंत्रित की जा रही है.

मुंगेली विधान सभा क्षेत्र में स्वीकृत सड़कों एवं पुल-पुलियों का निर्माण

19. (*क्र. 113) **श्री चन्द्रभान बारमते** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधान सभा क्षेत्र मुंगेली में वित्तीय वर्ष 2006-07 एवं चालू वर्ष में दिनांक 5-11-2007 तक की अवधि में किन-किन सड़कों एवं पुल-पुलियों के निर्माण हेतु कितनी-कितनी राशि की स्वीकृति दी गई ? (ख) वित्तीय वर्ष 2006-07 में स्वीकृत कौन-कौन से कार्य पूर्ण हो चुके हैं एवं कौन-कौन से कार्य अपूर्ण हैं ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत ) : (क) एवं (ख) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर है.

मिसिंग पर्सन स्क्वॉड को संदर्भित प्रकरणों की अद्यतन स्थिति

20. (*क्र. 684) **मोहम्मद अकबर** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छत्तीसगढ़ के पुलिस विभाग में मिसिंग पर्सन स्क्वॉड कहां-कहां कब से अस्तित्व में है ? विगत तीन माह में कहां-कहां के किन-किन लापता लोगों का पता लगाने का कार्य इस स्क्वॉड को सौंपा गया ? प्रकरणों की अद्यतन स्थिति क्या है ? (ख) राजधानी रायपुर में थानावार कुल कितने-कितने किरायेदारों की जानकारी 1 नवम्बर, 2007 तक की स्थिति में प्राप्त है ? किरायेदारों की जानकारी नहीं देने के संबंध में थानावार कुल कितने-कितने मकान मालिकों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई ?

**गृह मंत्री** (श्री रामविचार नेताम ) : (क) छ. ग. पुलिस विभाग के सभी जिलों में मिसिंग परसन स्क्वाड दिनांक 16-6-2007 को अस्तित्व में आया है. विगत तीन माह में प्रदेश के सभी जिलों में दर्ज 1067 लापता प्रकरणों का पता लगाने का कार्य इस स्क्वाड को सौंपा गया है. स्क्वाड द्वारा 374 लापता पुरुष में से 202 पुरुष, 469 महिलाओं में से 235 एवं 289 लापता बालक में से 186 एवं 301 लापता बालिका में से 184 कुल 1523 लापता के 1067 प्रकरणों में से 807 प्रकरणों के 807 लोगों का स्क्वाड द्वारा पता लगाया गया है. शेष 260 अदस्तयाब प्रकरणों के लापता लोगों का पतासाजी जारी है. (ख) राजधानी रायपुर में थानावार कुल 2930 किरायेदारों द्वारा 1 नवम्बर, 2007 तक जानकारी दर्ज कराया गया है. थानावार जानकारी परिशिष्ट पर †† संलग्न है. किरायेदारों की जानकारी नहीं देने वाले 5 मकान मालिकों के विरुद्ध धारा 188 भा.द.वि. के अंतर्गत कार्यवाही किया गया है.

सड़क मार्गों का निर्धारित अवधि में डामरीकरण न करने पर कार्यवाही

21. (*क्र. 31) **श्री चैतराम साहू** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) नांदघाट-भाटापारा चंदखुरी व भाटापारा-मोपका एवं हतबंध से सिमगा सड़क मार्ग का डामरीकरण कार्य कब तक पूर्ण किया जाना था ? क्या कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण करा लिया गया है ? (ख) यदि नहीं,तो संबंधित के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** (श्री राजेश मूणत ) : (क) एवं (ख) जानकारी ‡ संलग्न परिशिष्ट में है.

धमधा विधान सभा क्षेत्र में शिवनाथ एवं आमनेर नदी पर निर्माणाधीन पुल

22. (*क्र. 651) **श्री ताम्रध्वज साहू** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि धमधा विधान सभा क्षेत्र

---

† परिशिष्ट "छ:" †† परिशिष्ट "सात" ‡ परिशिष्ट "आठ"

में धमधा के नजदीक शिवनाथ नदी पर एवं आमनेर नदी पर खिलौराकला के पास पुल की स्वीकृति कब एवं कितनी लागत से हुई है ? इसको कब तक पूर्ण किया जाना है ? क्या समयावधि में पुल निर्माण का कार्य पूर्ण किया जावेगा ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत ) : जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में है.

जिला जांजगीर-चांपा में सहकारी समितियों को मार्कफेड से प्राप्त राशि

23. ( *क्र. 216) **श्री मोतीलाल देवांगन** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला-जांजगीर-चांपा में सहकारी समितियों की संख्या कितनी है ? (ख) वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में समितियों द्वारा धान खरीदी में कितनी राशि मार्कफेड से प्राप्त की गई ? समितिवार जानकारी देवें ?

**गृह मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम ) : (क) जिला जांजगीर-चांपा में 435 सहकारी समितियां हैं. (ख) जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट में है.

एकीकृत अधोसंरचना विकास केन्द्र हेतु भूमि अधिग्रहण

24. ( *क्र. 197) **श्री नंद कुमार पटेल** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या रायगढ़ जिले के खरसिया तहसील अंतर्गत ग्राम चपले को एकीकृत अधोसंरचना विकास केन्द्र के नाम पर चयनित कर भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही की गई है ? (ख) क्या रायगढ़ जिला को स्पेशल इकॉनामी जोन की परिधि में लिया गया है ? यदि हां, तो इसके तहत कितने ग्रामों के कितने लोग प्रभावित होंगे ? (ग) स्पेशल इकॉनामी जोन में उद्योगों को आमंत्रित करने की योजना है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत ) : (क) रायगढ़ जिले के खरसिया तहसील अंतर्गत ग्राम-चपले की 10.675 हेक्टेयर निजी भूमि एवं 09.165 हेक्टे. शासकीय भूमि, कुल 19.840 हेक्टेयर भूमि में एकीकृत अधोसंरचना विकास केन्द्र की स्थापना हेतु प्रावधिक तौर पर भूमि चयनित कर उक्त विकास केन्द्र की स्थापना प्रस्तावित की गई है. भूमि अधिग्रहण करने की कार्यवाही अभी प्रारंभ नहीं की गयी है. (ख) जी नहीं. (ग) ''ख'' के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता है.

बजट में सम्मिलित पुलों हेतु स्वीकृत प्रशासकीय स्वीकृति

25. ( *क्र. 79) **श्री बोधराम कंवर** : क्या राज्यमंत्री, लोक निर्माण महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2006-2007 एवं 2007-2008 के बजट में लोक निर्माण विभाग द्वारा कोरबा जिले के किन-किन नदी/नालों पर पुल निर्माण हेतु राशि का प्रावधान कर बजट में सम्मिलित किया गया था ? प्रत्येक की लागत तथा प्रावधानित राशि का विवरण दें ? (ख) इनमें से किन-किन पुलों के निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई ? कितने लंबित हैं ? लंबित रहने का क्या कारण है ?

**राज्यमंत्री, लोक निर्माण** ( श्री राजेश मूणत ) : (क) एवं (ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''अ'' एवं ''ब'' पर है.

-----

† परिशिष्ट ''नौ''

†† परिशिष्ट ''दस''

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

## परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 2 (क्र. 417) के भाग (क) की जानकारी ]

### प्रपत्र "अ"

**अनुसूचित जाति पर घटित अपराधों के संबंध में जानकारी दिनांक 01-04-06 से 31-03-07 तक**

| क्र. (1) | जिला (2) | हत्या (3) | गंभीर चोट (4) | बलात्कार (5) | आगजनी (6) | पीओए एक्ट (7) | पीसीआर एक्ट (8) | अन्य भादवि (9) | योग (10) | रिपोर्ट (11) | विवेचना (12) | खात्मा (13) | खारजी (14) | चालान (15) | सजा (16) | रिहा अदा. (17) | पेंडिंग अदा. (18) | पेंडिंग पुलिस (19) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 3 | 2 | 8 | - | - | - | 40 | 53 | 53 | 53 | - | 2 | 44 | 1 | 10 | 33 | 07 |
| 2. | दुर्ग | - | - | 4 | - | - | - | 16 | 20 | 20 | 20 | - | 1 | 15 | - | - | 15 | 4 |
| 3. | कबीरधाम | - | - | 1 | - | - | - | 19 | 20 | 20 | 20 | - | - | 20 | 3 | 8 | 9 | - |
| 4. | धमतरी | - | - | - | - | - | - | 15 | 15 | 15 | 15 | - | - | 15 | - | - | 15 | - |
| 5. | राजनांदगांव | 1 | - | 8 | - | - | - | 57 | 66 | 66 | 66 | - | - | 65 | 11 | 16 | 38 | 1 |
| 6. | महासमुंद | 1 | - | - | - | - | - | 23 | 24 | 24 | 24 | - | - | 24 | - | - | 24 | - |
| 7. | बिलासपुर | 2 | 1 | 4 | - | - | - | 21 | 28 | 28 | 28 | - | - | 28 | 8 | 5 | 15 | - |
| 8. | जांजगीर | 1 | - | - | - | - | - | 46 | 47 | 47 | 47 | - | - | 47 | 15 | 13 | 19 | - |
| 9. | कोरबा | - | 1 | 2 | - | - | - | 2 | 5 | 5 | 5 | - | - | 4 | - | - | 4 | 1 |
| 10. | रायगढ़ | 3 | - | - | - | - | - | 4 | 7 | 7 | 7 | - | - | 7 | - | - | 7 | - |
| 11. | सरगुजा | - | - | 1 | - | - | - | 18 | 19 | 19 | 19 | - | - | 19 | 5 | 2 | 12 | - |
| 12. | कोरिया | 1 | 1 | 1 | - | - | - | 4 | 7 | 7 | 7 | - | - | 7 | - | - | 7 | - |
| 13. | जशपुर | - | - | 15 | - | - | - | 12 | 27 | 27 | 27 | - | - | 21 | 1 | 1 | 19 | 6 |
| 14. | बलरामपुर | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 15. | सूरजपुर | - | - | - | - | - | - | 2 | 2 | 2 | 2 | 1 | - | 1 | - | - | 1 | - |
| 16. | जगदलपुर | 1 | - | 16 | - | - | - | 10 | 27 | 27 | 27 | 2 | - | 25 | 11 | 7 | 7 | - |
| 17. | कांकेर | 1 | - | 4 | - | - | - | 9 | 14 | 14 | 14 | - | - | 14 | - | - | 14 | - |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) | (13) | (14) | (15) | (16) | (17) | (18) | (19) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 18. | दन्तेवाड़ा | - | - | 2 | - | - | - | 4 | 6 | 6 | 6 | - | - | 5 | - | - | 5 | 1 |
| 19. | बीजापुर | - | - | - | - | - | - | 2 | 2 | 2 | 2 | - | - | 2 | - | - | 2 | - |
| 20. | नारायणपुर | - | - | - | - | - | - | 1 | 1 | 1 | 1 | - | - | 1 | - | - | 1 | - |
| 21. | रेल्वे | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| | **योग** | 14 | 5 | 66 | - | - | - | 305 | 390 | 390 | 390 | 3 | 3 | 364 | 55 | 62 | 247 | 20 |

प्रपत्र "ब"

## अनुसूचित जनजाति पर घटित अपराधों के संबंध में जानकारी दिनांक 01-04-06 से 31-03-07 तक

| क्र. | जिला | हत्या | गंभीर चोट | बलात्कार | आगजनी | पीओए एक्ट | पीसीआर एक्ट | अन्य भादवि | योग | रिपोर्ट | विवेचना | खात्मा | खारजी | चालान | सजा | रिहा अदा. | पेंडिंग अदा. | पेंडिंग पुलिस |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) | (13) | (14) | (15) | (16) | (17) | (18) | (19) |
| 1. | रायपुर | 1 | – | 5 | – | – | – | 19 | 25 | 25 | 25 | – | 5 | 19 | 2 | 5 | 12 | 1 |
| 2. | दुर्ग | 1 | – | 8 | – | – | – | 23 | 32 | 32 | 32 | – | – | 31 | – | – | 31 | 1 |
| 3. | कबीरधाम | 1 | – | 1 | – | – | – | 16 | 18 | 18 | 18 | – | – | 18 | 4 | 6 | 8 | – |
| 4. | धमतरी | – | – | – | – | – | – | 16 | 16 | 16 | 16 | – | – | 16 | – | – | 16 | – |
| 5. | राजनांदगांव | – | 2 | 8 | – | – | – | 28 | 38 | 38 | 38 | – | – | 38 | 10 | 9 | 19 | – |
| 6. | महासमुंद | – | – | – | – | – | – | 20 | 20 | 20 | 20 | – | – | 20 | – | – | 20 | – |
| 7. | बिलासपुर | 3 | 1 | 7 | – | – | – | 15 | 26 | 26 | 26 | – | 1 | 23 | 6 | 5 | 12 | 2 |
| 8. | जांजगीर | 2 | – | – | – | – | – | 14 | 16 | 16 | 16 | – | 1 | 15 | – | – | 15 | – |
| 9. | कोरबा | 3 | 1 | 4 | – | – | – | 11 | 19 | 19 | 19 | – | – | 16 | – | – | 16 | 3 |
| 10. | रायगढ़ | 3 | – | – | – | – | – | 4 | 7 | 7 | 7 | – | – | 7 | – | – | 7 | – |
| 11. | सरगुजा | – | – | 2 | – | – | – | 19 | 21 | 21 | 21 | – | – | 9 | – | – | 9 | 12 |
| 12. | कोरिया | 1 | 1 | 3 | – | – | – | 7 | 12 | 12 | 12 | – | – | 11 | – | – | 11 | 1 |
| 13. | जशपुर | – | – | 10 | – | – | – | 8 | 18 | 18 | 18 | – | – | 16 | 1 | 1 | 14 | 2 |
| 14. | बलरामपुर | 1 | – | – | – | – | – | – | 1 | 1 | 1 | – | – | 1 | – | – | 1 | – |
| 15. | सूरजपुर | – | – | 1 | – | – | – | 10 | 11 | 11 | 11 | 1 | – | 10 | – | – | 10 | – |
| 16. | जगदलपुर | – | – | 10 | – | – | – | 5 | 15 | 15 | 15 | – | – | 15 | – | 4 | 11 | – |
| 17. | कांकेर | 1 | – | 4 | – | – | – | 9 | 14 | 14 | 14 | – | – | 14 | – | – | 14 | – |
| 18. | दन्तेवाड़ा | – | 1 | – | – | – | – | 1 | 2 | 2 | 2 | – | – | 1 | – | – | 1 | 1 |
| 19. | बीजापुर | – | – | 2 | – | – | – | 1 | 3 | 3 | 3 | 2 | – | 1 | – | – | 1 | – |
| 20. | नारायणपुर | – | – | 1 | – | – | – | 2 | 3 | 3 | 3 | – | – | 3 | – | – | 3 | – |
| 21. | रेल्वे | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – |
| | योग | 17 | 6 | 66 | – | – | – | 228 | 317 | 317 | 317 | 3 | 7 | 284 | 23 | 30 | 231 | 23 |

परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 4 (क्र. 614) के भाग (क) की जानकारी ]

| क्र. | इकाई का नाम | एम. ओ. यू. का दिनांक | उत्पाद | वार्षिक क्षमता | प्रस्तावित पूंजी निवेश करोड़ रु. में | प्रस्तावित जिला |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1. | मे. एस. के. सरावगी एंड कंपनी प्रा. लि. कोलकाता. (नवीन परियोजना) | 02-08-2007 | 1. स्पांज आयरन प्लांट<br>2. केप्टिव पावर प्लांट<br>3. स्टील<br>4. रोलिंग मिल | 2.10 एलटीपीए<br>35 मेगावाट<br>1.50 एलटीपीए<br>1.00 एलटीपीए | 330.00 | बिलासपुर |
| 2. | मे. मंगल स्पांज एंड स्टील लिमिटेड, बिलासपुर. (विस्तार परियोजना) | 02-08-2007 | 1. स्पांज आयरन प्लांट<br>2. केप्टिव पावर प्लांट<br>3. इण्डक्शन फर्नेस<br>4. रोलिंग मिल | 1.20 एलटीपीए<br>16 मेगावाट<br>1.00 एलटीपीए<br>0.60 एलटीपीए | 140.00 | बिलासपुर |

परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 6 (क्र. 322) के भाग (क), (ख) एवं (ग) की जानकारी ]

**डी. पी. आर. योजना के तहत सड़कों के निर्माण की जानकारी**

| क्र. | सड़क का नाम | लागत राशि (रु. लाख में) | निर्माण किये जा रहे सड़क की लंबाई (किमी.) | सड़क के सर्वे कर डी. पी. आर. तैयार करने हेतु भुगतान की गई राशि | सड़कों के निर्माण हेतु लगाये गये प्लांट एवं टेस्टिंग लेब की स्थिति (लोकेशन) | | | टीप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | डब्ल्यू. एम. एम. गिट्टीकरण हेतु प्लांट | डामरीकरण हेतु हाटमिक्स प्लांट | टेस्टिंग लेब | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) |
| 1. | डोंगरगांव कोकपुर छुरिया मार्ग (किमी 1 से 14) | 1107.65 | 14.00 | 666321.00 | डोंगरगांव कोकपुर छुरिया मार्ग के किमी 11 से बायीं ओर अरसीटोला गेंदाटोला मार्ग पर 6.00 किमी दूरी पर ग्राम तिलगहन में स्थित है. | डोंगरगांव कोकपुर छुरिया मार्ग के किमी 11 से बायीं ओर अरसीटोला गेंदाटोला मार्ग पर 6.00 किमी दूरी पर ग्राम तिलगहन में स्थित है. | ग्राम छुरिया में स्थित है | - |
| 2. | डोंगरगांव कोकपुर छुरिया मार्ग (किमी 15 से 24/2) | 751.24 | 9.26 | 587858.00 | डोंगरगांव कोकपुर छुरिया मार्ग के किमी 11 से बायीं ओर अरसीटोला गेंदाटोला मार्ग पर 6.00 किमी दूरी पर ग्राम तिलगहन में स्थित है. | डोंगरगांव कोकपुर छुरिया मार्ग के किमी 11 से बायीं ओर अरसीटोला गेंदाटोला मार्ग पर 6.00 किमी दूरी पर ग्राम तिलगहन में स्थित है. | ग्राम छुरिया में स्थित है | - |
| 3. | चिचोला छुरिया मार्ग निर्माण | 754.76 | 8.20 | 293429.00 | डोंगरगांव कोकपुर छुरिया मार्ग के किमी 11 से बायीं ओर अरसीटोला गेंदाटोला मार्ग पर 6.00 किमी दूरी पर ग्राम तिलगहन में स्थित है. | डोंगरगांव कोकपुर छुरिया मार्ग के किमी 11 से बायीं ओर अरसीटोला गेंदाटोला मार्ग पर 6.00 किमी दूरी पर ग्राम तिलगहन में स्थित है. | ग्राम छुरिया में स्थित है | - |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4. | धनोरा मुरूमगांव मार्ग (किमी 11 से 14 राजनांदगांव जिला में) | 266.97 | 4.00 | 1,90,377.00 | - | दुर्ग गुण्डरदेही बालोद मार्ग में ग्राम अण्डा के पास स्थित है. | मार्ग के किमी 0 से 1.00 किमी दूरी पर स्थित है | मार्ग के किमी 1 से 14-14.00 किमी लम्बाई हेतु रु. 934.00 लाख की प्रशा. स्वी. प्राप्त है किन्तु उक्त स्वीकृत कुल 14.00 किमी में से केवल 4.00 किमी (किमी 11 से 14.00) लंबाई राजनांदगांव जिले में आती है, अतः कुल लागत 934.40 लाख के अनुपात में राजनांदगांव जिले में स्थित 4.00 किमी लम्बाई हेतु लागत 266.97 लाख आंकी गई है यह कार्य डब्ल्यू.बी. एम. का है, प्लांट की आवश्यकता नहीं है. |
| | योग | 2880.62 | 35.46 | 17,37,985.00 | - | - | - | - |

परिशिष्ट "चार"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 7 (क्र. 598) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**प्रदेश में वर्ष 2006-2007 में घटित अपराधों की जिलेवार जानकारी**

| क्रमांक (1) | जिला (2) | हत्या (3) | बलात्कार (4) | डकैती (5) | लूट (6) | चोरी (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 105 | 118 | 4 | 51 | 1257 |
| 2. | महासमुंद | 22 | 31 | 3 | 9 | 207 |
| 3. | धमतरी | 18 | 29 | 0 | 6 | 144 |
| 4. | दुर्ग | 75 | 110 | 5 | 51 | 925 |
| 5. | राजनांदगांव | 52 | 55 | 4 | 20 | 251 |
| 6. | कबीरधाम | 14 | 37 | 0 | 3 | 80 |
| 7. | बिलासपुर | 98 | 66 | 3 | 60 | 749 |
| 8. | रायगढ़ | 47 | 43 | 8 | 22 | 367 |
| 9. | जांजगीर | 53 | 41 | 1 | 23 | 244 |
| 10. | कोरबा | 40 | 34 | 6 | 23 | 306 |
| 11. | सरगुजा | 45 | 86 | 4 | 40 | 148 |
| 12. | जशपुर | 40 | 78 | 10 | 31 | 72 |
| 13. | कोरिया | 35 | 55 | 5 | 15 | 124 |
| 14. | बलरामपुर | 34 | 43 | 3 | 9 | 19 |
| 15. | सूरजपुर | 41 | 61 | 10 | 23 | 102 |
| 16. | जगदलपुर | 63 | 57 | 2 | 14 | 160 |
| 17. | दन्तेवाड़ा | 81 | 12 | 10 | 0 | 58 |
| 18. | कांकेर | 33 | 24 | 5 | 16 | 99 |
| 19. | बीजापुर | 141 | 4 | 31 | 2 | 9 |
| 20. | नारायणपुर | 21 | 3 | 0 | 1 | 6 |
| | **प्रदेश का महायोग** | **1058** | **987** | **114** | **419** | **5327** |

प्रपत्र "ब"

**प्रदेश में वर्ष 2007-2008 में घटित अपराधों की जिलेवार जानकारी**

| क्रमांक (1) | जिला (2) | हत्या (3) | बलात्कार (4) | डकैती (5) | लूट (6) | चोरी (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 70 | 73 | 2 | 46 | 765 |
| 2. | महासमुंद | 6 | 12 | 2 | 6 | 107 |
| 3. | धमतरी | 5 | 16 | 0 | 3 | 95 |
| 4. | दुर्ग | 31 | 62 | 5 | 23 | 444 |
| 5. | राजनांदगांव | 22 | 24 | 0 | 10 | 141 |
| 6. | कबीरधाम | 9 | 12 | 0 | 4 | 58 |
| 7. | बिलासपुर | 55 | 41 | 3 | 38 | 491 |
| 8. | रायगढ़ | 39 | 34 | 1 | 20 | 192 |
| 9. | जांजगीर | 33 | 32 | 1 | 14 | 160 |
| 10. | कोरबा | 34 | 17 | 1 | 10 | 148 |
| 11. | सरगुजा | 35 | 44 | 3 | 20 | 112 |
| 12. | जशपुर | 24 | 27 | 2 | 22 | 40 |
| 13. | कोरिया | 27 | 41 | 2 | 11 | 109 |
| 14. | बलरामपुर | 28 | 27 | 1 | 4 | 13 |
| 15. | सूरजपुर | 29 | 41 | 0 | 13 | 58 |
| 16. | जगदलपुर | 46 | 39 | 1 | 11 | 57 |
| 17. | दन्तेवाड़ा | 56 | 3 | 5 | 1 | 35 |
| 18. | कांकेर | 23 | 12 | 6 | 10 | 41 |
| 19. | बीजापुर | 70 | 3 | 22 | 1 | 5 |
| 20. | नारायणपुर | 12 | 2 | 4 | 1 | 1 |
| | **प्रदेश का महायोग** | **654** | **562** | **61** | **268** | **3072** |

परिशिष्ट "पांच"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 12 (क्र. 542) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**( भवन कार्य )**

**विधान सभा क्षेत्र- बेमेतरा** **विभाग लो. नि. वि. बेमेतरा**

| क्र. | स्वीकृत वर्ष | कार्य का नाम | प्रशा. स्वी. की राशि/दि. | कार्य की स्थिति | | अपूर्ण होने का कारण | टीप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | पूर्ण | अपूर्ण | | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1. | 2003-04 | | शून्य | | | | |
| 2. | 2004-05 | | शून्य | | | | |
| 3. | 2005-06 | हाईस्कूल भवन का निर्माण आनंदगांव | 13.26 लाख दि. 12-8-05 | - | अपूर्ण | - | ठेकेदार के व्यय एवं जोखिम पर कार्य की निविदा आमंत्रण की कार्यवाही जा रही है. |
| 4. | 2005-06 | हाईस्कूल भवन का निर्माण बारगांव | 13.26 लाख दि. 12-8-05 | - | अपूर्ण | - | ठेकेदार के व्यय एवं जोखिम पर कार्य की निविदा आमंत्रण की कार्यवाही जा रही है. |
| | | **योग - 2 कार्य** | **26.52 लाख** | - | **2 कार्य** | - | - |
| 5. | 2006-07 | शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भवन का निर्माण सरदा. | 29.66 लाख दि. 3-11-06 | - | अपूर्ण (प्रगति पर) | कार्य पूर्ण करने की समय अवधि समाप्त नहीं हुआ है | - |
| | | **योग - 1 कार्य** | **29.66 लाख** | - | **1 कार्य** | - | - |
| | | **कुल योग - 3 कार्य** | **56.18 लाख** | - | **3 कार्य अपूर्ण** | - | - |

प्रपत्र "ब"

( सड़क कार्य )

विधान सभा क्षेत्र- बेमेतरा

विभाग लो. नि. वि. बेमेतरा

| क्र. | स्वीकृत वर्ष | कार्य का नाम | प्रशा. स्वी. की राशि/दि. | कार्य की स्थिति | | अपूर्ण होने का कारण | टीप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | पूर्ण | अपूर्ण | | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1. | 2003-04 | अहिवारा बेरला मार्ग (कि.मी. 16 से 20) लंबाई 5 कि. मी. | 36.86 लाख दि. 27-10-03 | पूर्ण | - | - | - |
| 2. | 2003-04 | दुर्ग धमधा बेमेतरा मार्ग कि. मी. 55, 56, 58, 59, 60, 61, 72, 73, 74=9.00 कि. मी. | 40.95 लाख दि. 31-12-03 | पूर्ण | - | - | स्वीकृत मार्ग का आंशिक भाग कि. मी. 72, 73, 74=3.00 कि. मी. बेमेतरा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत. |
| | **2003-04** | **योग- 2 कार्य** | **77.81 लाख** | **2 कार्य पूर्ण** | - | - | - |
| 2. | 2004-05 | ——— शून्य ——— | | | | | |
| 1. | 2005-06 | जेवरा अर्जुनी मार्ग लंबाई 7.20 कि. मी. | 82.94 लाख दि. 9-8-05 | पूर्ण | - | - | - |
| 2. | 2005-06 | भैसा भनसूली मार्ग लंबाई 4.00 कि. मी. | 62.46 लाख दि. 16-9-05 | पूर्ण | - | - | - |
| 3. | 2005-06 | पेन्ड्रीतराई से छातापार मार्ग लंबाई 3.00 कि. मी. | 54.97 लाख दि. 24-9-05 | पूर्ण | - | - | - |
| | **2005-06** | **योग- 3 कार्य** | **200.37 लाख** | **3 कार्य पूर्ण** | - | - | - |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2006-07 | पिरदा कोटा मार्ग लंबाई 1.40 कि. मी. | 18.70 लाख दि. 4-8-06 | पूर्ण | - | - | - |
| 2. | 2006-07 | बेमेतरा बालसमुंद चंदनू मार्ग 2.00 कि. मी. मजबूतीकरण कार्य. | 17.94 लाख दि.17-10-06 | पूर्ण | - | - | - |
| 3. | 2006-07 | दुर्ग धमधा बेमेतरा मार्ग लंबाई 0.40 कि. मी. सीमेन्ट कांक्रीटीकरण कार्य. | 15.03 लाख दि. 7-10-06 | पूर्ण | - | - | - |
| 4. | 2006-07 | दुर्ग धमधा बेमेतरा मार्ग किमी 61/6 से 76/8= 15.40 कि. मी. मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य. | 499.99 लाख दि. 6-10-06 | - | अपूर्ण (प्रगति पर) | कार्य पूर्ण करने की समय अवधि समाप्त नहीं हुआ है. | - |
| 5. | 2006-07 | भिभौरी से देवसरा मार्ग लंबाई 4.50 कि. मी. | 83.36 लाख दि. 11-12-06 | - | अपूर्ण (प्रगति पर) | कार्य पूर्ण करने की समय अवधि समाप्त नहीं हुआ है. | - |
| 6. | 2006-07 | भिभौरी पिरदा गब्दा मार्ग लंबाई 3.065 कि. मी. | 30.31 लाख दि. 24-9-05 | - | अपूर्ण (प्रगति पर) | वर्षा ऋतु होने में मार्ग निर्माण कार्य में विलंब हुआ. | |
| 7. | 2006-07 | बेरलाकला से खोरसी मार्ग लंबाई 4.00 कि.मी. | 69.47 लाख दि.19-12-06 | - | अपूर्ण (प्रगति पर) | कार्य पूर्ण करने की समय अवधि समाप्त नहीं हुआ है. | |
| | | योग - 7 कार्य | 734.80 लाख | 3 कार्य पूर्ण | 4 कार्य अपूर्ण | - | - |
| | | कुल योग - 12 कार्य | 1012.98 लाख | 8 कार्य पूर्ण | 4 कार्य अपूर्ण (प्रगति पर) | - | - |

परिशिष्ट "छ:"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 19 (क्र. 113) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

**मुंगेली विधान सभा क्षेत्र के वर्ष 2006-07 में स्वीकृत कार्यों का विवरण**

| क्र. (1) | कार्य का नाम (2) | राशि (3) | कार्य की वर्तमान प्रगति (4) |
|---|---|---|---|
| (अ) | **सड़क कार्य** | | |
| 1. | दाबो से रहटन तक डामरीकरण का कार्य, लम्बाई 7.80 कि. मी. | 89.55 | मिट्टी का कार्य- 0.80 कि. मी., मुरूम - 0.80 कि. मी., ग्रेड - 2 प्र.-7.00 कि. मी. पुलिया - 9 नग |
| 2. | सेजगंगा से गोरखपुर बांधा होते हुये परसवारा मार्ग तक डब्ल्यू. बी. एम. सड़क, लम्बाई 4.50 कि. मी. | 73.54 | मिट्टी का कार्य- 4.50 कि. मी., मुरूम - 4.50 कि. मी. |
| (ब) | **पुल कार्य** | | |
| 1. | ग्राम बिचारपुर के पास मोहपाड़ नाला पर पुल निर्माण. | 37.53 | ले-आऊट की कार्यवाही की जा रही है. |

**वर्ष 2007-08 में स्वीकृत कार्यों का विवरण**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (अ) | **सड़क कार्य** | | |
| 1. | करूपान बुंदेली मार्ग का उन्नयन, डामरीकरण लम्बाई 3.00 कि. मी. (बिलासपुर जिला) | 46.41 | निविदा कार्यवाही प्रचलित |
| (ब) | **पुल कार्य** | | |

-----------------------------निरंक-----------------------------

परिशिष्ट "सात"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 20 (क्र. 684) के भाग (ख) की जानकारी ]

**दिनांक 01-01-07 से 01-11-07 तक की राजधानी रायपुर क्षेत्र के किरायेदारों की थानेवार जानकारी**

| क्र. | थाना | कितने किरायेदारों का मकान मालिकों द्वारा जानकारी दर्ज कराया गया | थानावार रजिस्टर रखा गया है अथवा नहीं | जानकारी नहीं देने वाले मकान मालिकों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है | क्या किरायेदारों का चरित्र सत्यापन कराया गया अथवा नहीं |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | कोतवाली | 104 | रखा गया है | - | हां |
| 2. | गोलबाजार | - | रखा गया है | - | - |
| 3. | मौदहापारा | 275 | रखा गया है | - | हां |
| 4. | सिविल लाईन | 179 | रखा गया है | 01 | हां |
| 5. | पण्डरी | 233 | रखा गया है | - | हां |
| 6. | देवेन्द्र नगर | 81 | रखा गया है | 02 | - |
| 7. | राजेन्द्र नगर | 108 | रखा गया है | - | हां |
| 8. | पुरानी बस्ती | 161 | रखा गया है | - | हां |
| 9. | गंज | 480 | रखा गया है | - | हां |
| 10. | खमतराई | 63 | रखा गया है | - | हां |
| 11. | टिकरापारा | 158 | रखा गया है | - | हां |
| 12. | दीनदयाल उपाध्याय नगर | 361 | रखा गया है | - | हां |
| 13. | आजाद चौक | 85 | रखा गया है | - | हां |
| 14. | सरस्वती नगर | 71 | रखा गया है | - | हां |
| 15. | आमानाका | 274 | रखा गया है | - | - |
| 16. | गुढ़ियारी | 104 | रखा गया है | - | हां |
| 17. | तेलीबांधा | 193 | रखा गया है | 01 | हां |
| | योग | 2930 | | 04 | |

परिशिष्ट "आठ"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 21 (क्र. 31) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

**डामरीकरण कार्य का विवरण**

| क्र. | मार्ग का नाम | अनुबंधानुसार पूर्णता तिथि | कार्य पूर्णता की वास्तविक तिथि | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | नांदघाट-भाटापारा, चंदखुरी मार्ग | 17-08-2007 | - | अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग रायपुर मण्डल क्रमांक-1 के निरीक्षण दिनांक 21-08-2007 द्वारा ठेकेदार को दिनांक 30-11-2007 तक समय वृद्धि प्रदान कर, कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है. |
| 2. | भाटापारा-मोकपा मार्ग | 23-05-2007 | 28-04-2007 | स्वीकृति अनुसार कार्य पूर्ण |
| 3. | हथबंद से सिमगा मार्ग | अभी अनुबंध नहीं हुआ है. | - | हथबंद सिमगा सड़क मार्ग का निर्माण कार्य ए. डी. बी. परियोजना के द्वितीय चरण के कार्यों में सम्मिलित है. वर्तमान में इस कार्य की निविदा दिनांक 20-11-07 को स्वीकृत किया गया है. निर्धारित समयावधि 2 वर्ष. |

## परिशिष्ट "नौ"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 22 (क्र. 651) की जानकारी ]

| क्र. | पुल का नाम एवं लोकेशन | स्वीकृति का दिनांक | प्रशासकीय स्वीकृति | अनुबंधानुसार कार्य पुर्णता की तिथि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | दुर्ग धमधा बेमेतरा मार्ग के कि. मी. 29/4 पर शिवनाथ नदी पुल निर्माण (धमधा के नजदीक) | 02-09-02 | रु. 294.20 लाख | 27-02-06 | कार्य प्रगति पर |
| 2. | आमनेर नदी सेतु खिलौराखुर्द से खिलौराकला पुल निर्माण. | 02-05-03 | रु. 142.41 लाख | 09-04-05 | कार्य प्रगति पर |

## परिशिष्ट "दस"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 23 (क्र. 216) के भाग (ख) की जानकारी ]

### विपणन संघ से समितिवार प्राप्त राशि

| क्र. | बैंक शाखा का नाम | सेवा सहकारी समिति का नाम | वर्ष 2005-06 समितियों को भुगतान की गई राशि (लाखों में) | वर्ष 2006-07 समितियों को भुगतान की गई राशि (लाखों में) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | जांजगीर | सरखों | 212.455 | 207.85 |
| 2. | | महंत | 376.124 | 501.19 |
| 3. | | सिवनी | 149.193 | 189.69 |
| 4. | | धुरकोट | 322.943 | 457.84 |
| 5. | | खोखरा | 158.178 | 212.83 |
| 6. | | जांजगीर | 327.696 | 421.3 |
| 7. | | पहरिया | 98.38 | 149.75 |
| 8. | | बोड़सरा | 124.427 | 168.16 |
| 9. | | कुटरा | 333.497 | 376.44 |
| 10. | | अमोदा | 263.263 | 349.38 |
| | | योग | 2366.16 | 3034.43 |
| 11. | नवागढ़ | सलखन | 251.376 | 267.42 |
| 12. | | तुलसी | 274.314 | 371.70 |
| 13. | | सेमरा | 322.017 | 327.79 |
| 14. | | सिउड़ | 137.122 | 183.62 |
| 15. | | नवागढ़ | 172.457 | 307.58 |
| | | योग | 1157.29 | 1458.11 |
| 16. | शिवरीनारायण | शिवरीनारायण | 617.92 | 701.90 |
| 17. | | तनौद | 251.4 | 281.7 |
| 18. | | केरा | 301.207 | 294.11 |
| 19. | | लोहर्सी | 270.978 | 361.87 |
| | | योग | 1441.51 | 1639.58 |
| 20. | पामगढ़ | पकरिया | 148.259 | 157.34 |
| 21. | | जेवरा | 142.588 | 157.01 |
| 22. | | भिलौनी | 252.061 | 333.9 |
| 23. | | मेउ | 205.259 | 278.91 |
| 24. | | राहौद | 199.122 | 240.86 |
| 25. | | मेंहदी | 203.867 | 190.59 |

| (1) | (2) | (3) | | (4) | (5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 26. | | कोसला | | 261.532 | 311.93 |
| 27. | | ससहा | | 200.100 | 249.86 |
| 28. | | कोसा | | 86.436 | 106.83 |
| 29. | | रसौटा | | 221.307 | 262.51 |
| 30. | | भैंसो | | 207.775 | 213.85 |
| 31. | | लगरा | | 165.736 | 186.50 |
| 32. | | कोड़ाभाठ | | 140.289 | 192.86 |
| 33. | | मुलमुला | | 207.736 | 157.38 |
| 34. | | पामगढ़ | | 187.153 | 219.64 |
| | | | योग | 2829.22 | 3259.97 |
| 35. | अकलतरा | कोटमी | | 284.136 | 370.31 |
| 36. | | करूमहू | | 149.706 | 154.96 |
| 37. | | किरारी | | 169.184 | 178.64 |
| 38. | | कोटगढ़ | | 63.188 | 81.83 |
| 39. | | कोडी | | 136.446 | 148.21 |
| 40. | | शर्रीद | | 108.730 | 124.7 |
| 41. | | नरियरा | | 165.026 | 108.00 |
| 42. | | अकलतरा | | 103.532 | 166.41 |
| 43. | | काँपन | | 137.474 | 166.07 |
| 44. | | तिलई | | 390.364 | 458.57 |
| | | | योग | 1707.79 | 1957.70 |
| 45. | बलौदा | खैजा | | 67.532 | 102.14 |
| 46. | | खिसोरा | | 50.919 | 81.48 |
| 47. | | बक्सरा | | 52.926 | 69.4 |
| 48. | | कोरबी | | 80.257 | 126.23 |
| 49. | | बलौदा | | 68.929 | 61.13 |
| 50. | | महुदा | | 60.501 | 55.68 |
| 51. | | जरवे | | 81.677 | 117.14 |
| 52. | | जावलपुर | | 51.850 | 50.14 |
| 53. | | भैंसतरा | | 123.125 | 136.16 |
| | | | योग | 637.72 | 799.50 |
| 54. | चाम्पा | पिसौद | | 163.208 | 189.81 |
| 56. | | सिवनी | | 146.739 | 202.12 |
| 58. | | सोठी | | 109.01 | 163.73 |
| 60. | | चोरिया | | 110.114 | 151.26 |
| 62. | | कुम्हारीकला | | 76.904 | 100.66 |

| (1) | (2) | (3) | | (4) | (5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 64. | | चाम्पा | | 56.53 | 140.76 |
| 66. | | सारागांव | | 102.37 | 148.29 |
| 68. | | कमरीद | | 136.509 | 165.26 |
| 70. | | मड़वा | | 88.625 | 140.43 |
| 72. | | बम्हनीडीह | | 119.782 | 407.64 |
| 74. | | करनौद | | 238.296 | 190.37 |
| | | | **योग** | **1348.09** | **2000.33** |
| 75. | बाराद्वारा | सरहरा | | 195.965 | 195.93 |
| 76. | | डूमरपारा | | 200.031 | 223.66 |
| 77. | | गिधारी | | 103.659 | 138.42 |
| 78. | | बाराद्वारा | | 130.806 | 150.63 |
| 79. | | कड़ारा | | 129.805 | 142.16 |
| 80. | | ठठारी | | 98.749 | 178.64 |
| 81. | | भोथिया | | 149.761 | 172.40 |
| 82. | | दर्राभाठा | | 172.324 | 207.85 |
| | | | **योग** | **1181.10** | **1409.69** |
| 83. | जैजैपुर | आमगांव | | 218.904 | 264.19 |
| 84. | | जैजैपुर | | 116.447 | 143.13 |
| 85. | | तालदेवरी | | 132.744 | 183.27 |
| 86. | | ओड़ेकेरा | | 126.555 | 164.18 |
| 87. | | तुषार | | 216.959 | 328.22 |
| 88. | | देवरघटा | | 51.58 | 65.4 |
| 89. | | चिस्दा | | 132.856 | 192.49 |
| 90. | | मुक्ता | | 180.048 | 208.2 |
| 91. | | बिर्रा | | 262.776 | 316.4 |
| 92. | | हसौद | | 195.481 | 210.46 |
| 93. | | खजुरानी | | 172.979 | 187.85 |
| 94. | | कैथा | | 125.539 | 135.01 |
| 95. | | कर्चदा | | 134.379 | 180.38 |
| | | | **योग** | **2067.25** | **2579.18** |
| 96. | मालखरौदा | पिहरीद | | 141.852 | 165.12 |
| 97. | | पोता | | 297.342 | 326.83 |
| 98. | | चरौदा | | 160.793 | 193.78 |
| 99. | | सिंघरा | | 131.359 | 150.96 |
| 100. | | नरियरा | | 121.883 | 152.5 |
| 101. | | छपोरा | | 84.946 | 217.25 |

| (1) | (2) | (3) | | (4) | (5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 102. | | मालखरौदा | | 141.621 | 133.64 |
| 103. | | आमनदुला | | 120.352 | 216.96 |
| 104. | | पोंपरी | | 48.652 | 87.86 |
| 105. | | बड़ेसीपत | | 117.035 | 180.37 |
| | | | योग | 1365.84 | 1825.27 |
| 106. | सक्ती | सोंठी | | 131.203 | 280.49 |
| 107. | | किरारी | | 219.929 | 222.71 |
| 108. | | झालरौदा | | 199.980 | 259.13 |
| 109. | | अड़भार | | 224.071 | 262.03 |
| 110. | | पोरथा | | 222.932 | 244.26 |
| 111. | | पतेरापाली | | 184.520 | 232.96 |
| 112. | | रेंगड़ा | | 153.820 | 159.27 |
| 113. | | जर्वे | | 82.403 | 237.36 |
| 114. | | सकर्रा | | 193.399 | 141.53 |
| 115. | | सक्ती | | 65.477 | 121.68 |
| 116. | | सकरेली | | 241.637 | 264.25 |
| 117. | | बरपाली | | 120.297 | 106.15 |
| | | | योग | 2039.668 | 2531.82 |
| 118. | डभरा | सिरियागढ़ | | 161.080 | 168.5 |
| 119. | | देवरघटा | | 148.836 | 191.02 |
| 120. | | फरसवानी | | 154.132 | 209.6 |
| 121. | | बघौद | | 131.237 | 199.86 |
| 122. | | सपोस | | 174.451 | 210.75 |
| 123. | | अमलडीह | | 148.294 | 182.07 |
| 124. | | चन्द्रपुर | | 84.263 | 130.86 |
| 125. | | डभरा | | 201.908 | 224.87 |
| 126. | | धुरकोट | | 152.477 | 208.36 |
| 127. | | किरारी | | 161.533 | 224.37 |
| 128. | | कोटमी | | 133.9 | 190.39 |
| 129. | | बड़ेकटेकोनी | | 160.249 | 181.11 |
| 130. | | पुटीडीह | | 169.25 | 236.38 |
| 131. | | पचुरम | | 178.941 | 190.56 |
| | | | योग | 2160.55 | 2748.70 |
| | | | महायोग | 20302.16 | 25244.28 |